दीनबंधु दयालु दया कीजिये

दीनबंधु दयालु दया कीजिये,
वरना हमको यहाँ से उठा लीजिये....

मेरे भगवन किसी को गरीबी न दो,
मौत दे दो मगर बदनसीबी न दो,
इस दुनिया से हमको बचा लीजिये,
वरना हमको यहाँ से उठा लीजिये,
दीनबंधु दयालु दया कीजिये......

श्याम नैया हमारी भंवर में पड़ी,
श्याम तेरे भरोसे में कब से खड़ी,
पार हो न सके तो डुबा दीजिये,
वरना हमको यहाँ से उठा लीजिये,
दीनबंधु दयालु दया कीजिये.....

जहाँ पापों की वर्षा भारी है,
जहाँ दुष्टों की रिश्तेदारी है,
बदनामी से हमको बचा लीजिये,
वरना हमको यहाँ से उठा लीजिये,
दीनबंधु दयालु दया कीजिये....

श्याम अब तेरी दुनिया में मन न लगे,
श्याम तेरे दरस बिन कल न पड़े,
अपने चरणों में हमको लगा लीजिये,
वरना हमको यहाँ से उठा लीजिये,
दीनबंधु दयालु दया कीजिये......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29222/title/deenbandhu-dyalu-dya-kijiye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |